न्यायालय सहायक कलक्टर एंव उपखण्ड अधिकारी आसीन्द

बईजलास श्री संदीप कुमार (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या 19/2020 निर्णय दिनांक 12.03.2022

देवी सिंह पि. सुजान सिंह राजपूत नि. पाल्डी बनाम सांवलाल पि. एकलिंग जाति- जाट नि. पाल्डी | विस्तृत विवरण पुश्त पर अंकित है |

उपस्थित -वकील प्रार्थी / प्रार्थीगण उपस्थित

आदेश प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू.राजस्व अधिनियम 1956

(1) प्रार्थी/ प्रार्थीगण द्वारा जरिये अधिवक्ता प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 LRA मे इस न्यायालय में प्रस्तुत कर संक्षेपतःनिवेदन किया कि प्रार्थी / प्रार्थीगण की निम्नांकित कृषि भूमि स्थित है -

क्र.सं.	नाम ग्राम	जमाबन्दी संवत	खाता संख्या	आ.नं.	रकबा	आ.नं.	रकबा	आ.नं.	रकबा	आ.नं.	रकबा
1.	पाल्डी	2075-77	198	1140	0.19	1462	0.25				
				1143	0.81	381	0.52				
				1144	0.31	कुल-5	2.08 हे०				

(2) प्रार्थी/ प्रार्थीगण की आराजियात के सीमा चिन्ह नही होने की वजह से विपक्षीगण के बीच आये दिन विवाद होता रहता है तथा घास काटने और पेड़ो की कटाई छंगायी को लेकर हमेशा विवाद बना रहता है जिससे प्रार्थी की आराजियात की पत्थरगढी करवाया जाना आवश्यक है। अतः श्रीमान् से प्रार्थना है कि प्रार्थी /प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर उक्त आराजियात की पत्थरगढ़ी करवायी जाने का आदेश प्रदान करावें।

(3) प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाद जांच दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी/ अप्रार्थीगणों को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी /अप्रार्थीगण के नाम की विधिवत रूप से आवाज लगवायी जाने पर उनके बावजूद सूचना उपस्थित न्यायालय नहीं होने से उनके विरूद्द एक तरफा कार्यवाही के आदेश जारी किये हुये है / जारी किये जाते है । प्रार्थी / प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में वर्णित कृषि भूमि इस न्यायालय के क्षेत्राधिकार / श्रवणाधिकार में स्थित है।

(4) पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजात का अध्ययन किया एंव पाया कि प्रार्थना पत्र में वर्णित कृषि भूमि प्रार्थी / प्रार्थीगण के नाम खातेदारी हक से दर्ज रेकार्ड है तथा प्रार्थीगण अपनी उक्त आराजियात की पत्थरगढी करवाये जाने के अधिकारी पाये जाने से प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायालय उचित समझता है। अतः

क्रियात्मक- आदेश

प्रार्थी / प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर उक्त वर्णित कृषि भूमि की राजस्व रेकार्ड अनुसार पत्थरगढी किये जाने के आदेश दिये जाते है -

श्री भू.अ.निरीक्षक आसींद को 1600/-रू.की फीस पर कमीश्नर नियुक्त किया जाकर आदेशित किया जाता है कि प्रार्थी / प्रार्थीगण से मौके पर कमीश्नर फीस जमा की जाकर इसका अंकन पालना रिपोर्ट मे किया जावें। पत्थरगढी की कार्यवाही दिनांक से कम से कम तीन दिन पूर्व समस्त हितबद्द पड़ौसी एंव खातेदारान को उक्त आराजियात की पत्थरगढी की जाने की लिखित सूचना जरिये पत्र समय एंव तिथि के अंकन के साथ दी जाना सुनिश्चित करें। प्रार्थी / प्रार्थीगणों की उक्त आराजियात की पत्थरगढी उभय पक्षकारान / मौतवीरान की उपस्थिति में कब्जे की स्थिति को यथावत रखते हुये मुश्तकिल बिन्दू को आधार मानते हुये की जावें। निर्णय की प्रति वास्ते पालनार्थ तहसीलदार आसीन्द को भिजवायी जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर करें। निर्णय आज दिनांक 12.03.2022 को खुली अदालत में सुनाया गया।

अध्यक्ष
तालुका विधिक सेवा समिति
आसीन्द जिला-भीलवाड़ा

सहायक कलक्टर {S.D.O.}
(संदीप कुमार)
आसीन्द जिला-भीलवाड़ा

Signature Not Verified
Digitally signed by Sandeep Kumar
Date: 2022.03.16 13:34:59 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय सहायक कलक्टर एंव उपखण्ड अधिकारी आसीन्द

क्रमांक / रीडर / 2022/ 256 दिनांक [illegible] / 2022

प्रतिलिपी तहसीलदार आसीन्द को प्रेषित कर लेख है कि निर्णयानुसार पालना करा पालना रिपोर्ट शीघ्र न्यायालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

प्रार्थी

1) देबीसिंह पिता सुजान सिंह जा॰ राजपूत नि॰ पालड़ी

अप्रार्थी

1) सावरमल पि॰ एकलिंग जाति जाट नि॰ पालड़ी
2) शंकर सिंह पि॰ सुल्तान सिंह जा॰ राजपूत नि॰ पालड़ी
3) गोविंद पि॰ हीरा जाति जाट नि॰ पालड़ी
4) नारायण पि॰ रामा जाति जाट नि॰ पालड़ी
5) ईश्वर पि॰ खुवा जाति जाट नि॰ पालड़ी
6) श्रवण पि॰ रामा जाति जाट नि॰ पालड़ी
7) सुखदेव पि॰ देबी जाति जाट नि॰ पालड़ी
8) मांगू, कालू पि॰ ओनाड़ जाति जाट नि॰ पालड़ी
9) जगन्नाथ, माधू पि॰ भागीरथ जाति जाट नि॰ पालड़ी
10) शिव, अर्जुन पि॰ रतना जाति जाट नि॰ पालड़ी
11) लादू पि॰ रामचन्दू जाति जाट नि॰ पालड़ी
12) उदा पि॰ कजोड़ जाति जाट नि॰ पालड़ी
13) रामलाल पि॰ श्री राम जाति जाट नि॰ पालड़ी
14) ओमर सिंह पि॰ नारायण सिंह जाति जाट नि॰ पालड़ी
15) नारायण पि॰ रामा जाति जाट नि॰ पालड़ी
16) कालू पि॰ शंकर जाति शर्मा नि॰ पालड़ी
17) राजी पि॰ ओंकार जाति शर्मा नि॰ पालड़ी
18) रमा कंवर पि॰ शंकर सिंह जाति राजपूत नि॰ पालड़ी
19) शिवसिंह पि॰ सुल्तान सिंह जाति राजपूत नि॰ पालड़ी
20) माधू पि॰ कल्याण जाति जाट नि॰ पालड़ी
21) गणपतसिंह, सुरेन्द्रसिंह, शम्भुसिंह, शिवसिंह हनुमान सिंह पि॰ गुमानसिंह जाति राजपूत नि॰ पालड़ी
22) मदनसिंह पि॰ नारायणसिंह जाति [illegible] नि॰ पालड़ी
23) दिलीप सिंह पि॰ रघुनाथ सिंह जाति राजपूत नि॰ पालड़ी

Signature Not Verified
Digitally signed by Sandeep Kumar
Date: 2022.03.16 13:34:59 IST
Reason: SelfAttested

अध्यक्ष
तालुका विधिक सेवा समिति
आसीन्द जिला भीलवाड़ा

सचिव
तालुका विधिक सेवा समिति
आसीन्द जिला भीलवाड़ा

[illegible] (S.D.O.)
आसीन्द जिला-भीलवाड़ा